सार्क का इतिहास, महासचिवो के नाम और
महत्वपूर्ण तथ्यों की सूची

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क):

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) दक्षिण एशिया के आठ देशों का आर्थिक और राजनीतिक संगठन है। इस संगठन के सदस्य देशों की जनसंख्या (लगभग 1.5 अरब) है। अमजद हुसैन बी. सियाल सार्क के वर्तमान महासचिव है। उन्होंने 01 मार्च, 2017 को सार्क के 13वें महासचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया था। उन्होंने अर्जुन बहादुर थापा का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2017 को समाप्त हुआ था। अमजद हुसैन का कार्यकाल 28 फरवरी, 2020 तक रहेगा।

स्थापना वर्ष	08 दिसम्बर 1985
मुख्यालय	काठमांडू (नेपाल)
कुल देश	8
सार्क के वर्तमान महासचिव	अमजद हुसैन बी. सियाल (01 मार्च, 2017)

दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) के महासचिवो की सूची:

महासचिव का नाम	**कार्यकाल**	**देश**
अबुल अहसान	16 जनवरी 1985 से 15 अक्टूबर 1989 तक	बांग्लादेश
के. किशोर भार्गव	17 अक्टूबर 1989 से 31 दिसम्बर 1991 तक	भारत
इब्राहिम जाकी	01 जनवरी 1992 से 31 दिसंबर 1993 तक	मालदीव
यादव के. सिल्वल	01 जनवरी 1994 से 31 दिसंबर 1995 तक	नेपाल
नईम हसन	01 जनवरी 1996 से 31 दिसंबर 1998 तक	पाकिस्तान

निहाल रॉड्रिगो	01 जनवरी 1999 से 10 जनवरी 2002 तक	श्रीलंका
क्यू. ए. रहीम	11 जनवरी 2002 से 28 फरवरी 2005 तक	बांग्लादेश
चेन्जाइब डोराजी	01 मार्च 2005 से 29 फरवरी 2008 तक	भूटान
शील शर्मा	01 मार्च 2008 से 28 फरवरी 2011 तक	भारत
फाथिमथ सईद	01 मार्च 2011 से 11 मार्च 2012 तक	मालदीव
अहमद सलीम	12 मार्च 2012 से 28 फरवरी 2014 तक	मालदीव
अर्जुन बहादुर थापा	01 मार्च 2014 से 01 मार्च 2017 तक	नेपाल
अमजद हुसैन बी. सियाल	01 मार्च 2017 से वर्तमान	पाकिस्तान

सार्क संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य:

- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) की स्थापना 08 दिसम्बर 1985 को हुई थी।
- इसका सचिवालय काठमांडू (नेपाल) में है।
- सार्क के 8 सदस्य देश है। इसके सदस्यों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव एवं अफगानिस्तान शामिल हैं।
- बांग्लादेश के अबुल अहसान सार्क के पहले महासचिव थे, जिनका कार्यकाल 16 जनवरी, 1987 से 15 अक्टूबर 1989 तक था।
- मालदीव की फातिमा धियाना सईद सार्क की पहली महिला महासचिव थीं।
- भारत की ओर से किशोर कांत भार्गव (वर्ष 1989-1991) तथा शील कांत शर्मा (वर्ष 2008-2011) सार्क के महासचिव के रूप में कार्य कर चुके हैं।
- सार्क का प्रथन सम्मेलन ढाका में दिसम्बर 1985 में हुआ था।
- प्रत्येक वर्ष 08 दिसम्बर को सार्क दिवस मनाया जाता है।
- वर्ष 2007 से पहले सार्क के सात सदस्य थे।
- अप्रैल 2007 में संघ के 14 वें शिखर सम्मेलन में अफ़ग़ानिस्तान इसका आठवा सदस्य बना था।
- संगठन का संचालन सदस्य देशों के मंत्रिपरिषद द्वारा नियुक्त महासचिव करते हैं, इनकी नियुक्ति 3 साल के लिए देशों के वर्णमाला क्रम के अनुसार की जाती है।

- दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग पर इस घोषणा को 1983 में नई दिल्ली में विदेश मंत्रियों द्वारा अपनाया गया था।